संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर

(इंद्रावती भवन, ब्लाक-4, प्रथम तल, नवा रायपुर-अटल नगर Phone : 0771-2510115, E-mail id: dettrgcg@rediffmail.com)

छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अधीन संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) एवं विशेष (आदिवासी) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITI) में सत्र 2024-25 एवं 2024-26 में प्रवेश हेतु ऑन लाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन की सूचना

1. छत्तीसगढ़ स्थित शासकीय आईटीआई में संचालित एनसीव्हीटी/एससीव्हीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये इच्छुक छत्तीसगढ़ के मूल निवासी आवेदक, स्वयं अथवा छत्तीसगढ़ स्थित किसी भी लोक सेवा केन्द्र (च्वाइस सेंटर) के माध्यम से संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.in के **"ऑन लाईन एप्लिकेशन 2024"** पर क्लिक कर अपना आवेदन रजिस्ट्रेशन कर प्रवेश हेतु व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के रजिस्ट्रेशन के लिये वेबसाईट पर यूजर मैन्यूवल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है।

2. विभागीय वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.in पर **प्रवेश विवरणिका** उपलब्ध है, जिसमें छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास विभाग के अधीन संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अंतर्गत शासकीय आई.टी.आई.में संचालित विभिन्न व्यवसायों में सत्र **2024-25 एवं 2024-26** से प्रारंभ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु निर्धारित संस्थावार/व्यवसायवार सीटों एवं आवश्यक शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य समस्त जानकारी दर्शित है। आवेदक आवेदन रजिस्ट्रेशन के पूर्व इसका भलीभांति अवलोकन कर लेवें।

3. छत्तीसगढ़ शासन के विद्यमान नियमों एवं नीति के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रवेश के लिये ऑन लाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि दिनांक **03 जुलाई 2024** तक निर्धारित है।

4. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक- एफ 13-3/2023/आ.प्र./1-3 दिनांक 09.05.2023 के अनुसार शैक्षणिक संस्थाओं/व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय राज्य में लागू आरक्षण प्रावधान लागू होंगे।

5. ऑन लाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन (पंजीयन) हेतु शुल्कः-

   5.1 अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के आवेदक के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुल्क रूपये 50/- देना होगा।
   5.2 अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग के आवेदक के लिए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुल्क रूपये 60/- देना होगा।
   5.3 वेबसाईट पर आवेदन रजिस्ट्रेशन के दौरान शुल्क, लोक सेवा केन्द्रो (च्वाइस सेंटर) में नगद अथवा स्वयं ऑनलाईन पेमेन्ट द्वारा भुगतान किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान हेतु निम्न सुविधाओं का उपयोग किया जा सकता है:-

   i. इंटरनेट बैंकिंग, **ii.** एटीएम सह डेबिट कार्ड, **iii.** क्रेडिट कार्ड या अन्य किसी ऑनलाईन पेमेन्ट माध्यम से।

6. आवेदन रजिस्ट्रेशन के दौरान व्यक्तिगत विवरण (Profile Data) भरे जाने के उपरांत इच्छित आई.टी.आई./व्यवसाय का चयन किया जाना होता है। इच्छित आई.टी.आई./व्यवसाय चयन के पूर्व व्यक्तिगत विवरण में संशोधन का एक अवसर होगा। इसी प्रकार चयनित आई.टी.आई./व्यवसाय में संशोधन के लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक एक अवसर प्राप्त होगा। यदि आवेदक ने अनुसूचित जाति या जनजाति के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा किया है और सुधार के पश्चात् अनारक्षित (सामान्य) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) करना चाहता है तो उसे आवेदन शुल्क के अंतर की राशि भी जमा करनी होगी।
7. व्यवसाय ड्रायवर कम मैकेनिक में प्रवेश के लिये आवेदक का न्यूनतम आयु 1 अगस्त 2024 को 18 वर्ष एवं शेष व्यवसायों के लिये 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उच्चतम आयु सीमा का बंधन नहीं है।
8. प्रवेश हेतु सीटों की संख्या परिवर्तनीय है।
9. व्यवसायवार/संस्थावार चयनित आवेदकों की जानकारी समय-सारिणी अनुसार नियत तिथि को वेबसाईट cgiti.cgstate.gov.inपर देखी जा सकती हैं। साथ ही नजदीकी संस्था से संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते है।
10. ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन के समय आवेदक अपना मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल की जानकारी पश्चातवर्ती कार्यवाही हेतु अवश्य देवें। आवेदक का चयन होने पर आवेदक को संबंधित संस्था में आवश्यक समस्त मूल अभिलेखों/प्रमाण पत्रों एवं निर्धारित शुल्क सहित स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश लेना होगा।

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण